BSES

बिजली बिल पर भारत क्यूआर कोडः

मास्टर कार्ड से बिल भुगतान करें और पाएं, 10 प्रतिशत कैशबैक

नई दिल्लीः 22 नवंबर। बीआरपीएल उपभोक्ताओं को अब *भारत क्यूआर कोड* के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा मिल गई है। इसके तहत, वे बिजली बिल पर उपलब्ध कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन कर तत्काल अपने बिल का भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, भारत क्यूआर कोड पर मास्टर कार्ड से भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत का कैशबैक भी मिलेगा।

बिजली बिलों पर दी जाने वाली यह देश की पहली भारत क्यूआर कोड भुगतान सुविधा है। इस सुविधा से दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में रहने वाले बीआरपीएल के करीब 24 लाख उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

बीआरपीएल उपभोक्ताओं को मास्टर कार्ड के माध्यम से प्रति भारत क्यूआर कोड लेन–देन पर 10 प्रतिशत (अधिकतम 75 रूपये) का कैश बैक मिलेगा। इसकी घोषणा आज एक कार्यक्रम के दौरान श्री अमल सिन्हा – सीईओ, बीआरपीएल, श्री संग्राम सिंह (ईवीपी व हेड– पेमेंट्स, ऐक्सिस बैंक) और पौरूष सिंह (कंट्री कॉरपोरेट ऑफिसर, इंडिया एंड डिविजन प्रेजिडेंट, साउथ ऐशिया, मास्टरकार्ड) ने की।

उपयोग में है आसानः

अपने बैंक का मोबाइल ऐप ओपन करें

बिजली बिल पर प्रिंट किए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें

आपका सीए नंबर और बकाया बिल भुगतान की राशि आपके फोन के स्क्रीन पर उभरेंगे

भुगतान की विधि को सेलेक्ट करें जैसे कि यूपीआई, वीसा डेबिट/क्रेडिट कार्ड, मास्टर कार्ड, रूपे

भुगतान के विवरण को सेलेक्ट करें और ट्रांजैक्शन को कंन्फर्म करें

इधर, बीवाईपीएल ने भी पूर्वी और मध्य दिल्ली में रहने वाले अपने 16 लाख उपभोक्ताओं के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा शुरू की है। बीवाईपीएल क्यूआर कोड सुविधा का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को बीएसईएस मोबाइल ऐप में उपलब्ध *इंस्टेंट पेमेंट* नामक फीचर पर क्लिक कर, बिल पर मौजूद क्यूआर कोड को फोन से स्कैन करना होगा। उसके बाद, वे किसी भी डिजिटल ऑप्शन का चयन करके अपने बिल का भुगतान कर सकते हैं।

क्यूआर कोड आधारित भुगतान के फायदेः

क्यूआर कोड आधारित भुगतान सुविधा, दरअसल, बिजली बिल भुगतान का एक क्रांतिकारी तरीका है। इसमें न तो नकद और न ही कार्ड से जुड़ा कोई रिस्क है। यह सुविधाजनक है और भुगतान की प्रक्रिया को पूरा करने में यह आधे से भी कम वक्त लेता है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुकाबिक, बीएसईएस अपनी प्रक्रियाओं को ऊर्जा मंत्रालय की पहल के साथ एलाइन करने के लिए काफी तत्परता के साथ ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देती रही है। डिजिटल होना, विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए भारत क्यूआर कोड भुगतान सुविधा के लॉन्च के मौके पर बीआरपीएल के सीईओ श्री अमल सिन्हा ने कहा– बीआरपीएल, ऐक्सिस बैंक और मास्टर कार्ड के बीच का यह जुड़ाव, निश्चित रूप से उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुझे विश्वास है कि अपने–अपने क्षेत्रों की दिग्गज ये तीनों संस्थाएं एक–दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगी। उन्होंने कहा कि बीआरपीएल व्यापक पैमाने पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दे रही है। आज की तारीख में बीआरपीएल के 65 प्रतिशत उपभोक्ता कैशलेस भुगतान कर रहे हैं और करीब 50 प्रतिशत भुगतान डिजिटल माध्यमों से किया जा रहा है।

ऐक्सिस बैंक के ईवीपी व हेड– पेमेंट्स श्री संग्राम सिंह ने कहा– भारत क्यूआर कोड को एक भुगतान विकल्प के तौर पर पेश करते हुए बीआरपीएल के साथ साझेदारी से हम काफी उत्साहित हैं। अपने साझेदारों के लिए नवीनतम भुगतान सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने पर हमेशा से हमारा फोकस रहा है। भारत क्यूआर कोड सॉल्यूशंस भुगतान को सरल व आसान बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। बीआरपीएल उपभोक्ता अब कभी भी और कहीं से भी सिर्फ बिजली बिल को स्कैन करके अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप्लिकेशन में एक बटन को क्लिक कर बिल का भुगतान कर सकते हैं।

मास्टर कार्ड के कंट्री कॉरपोरेट ऑफिसर, इंडिया और डिविजन प्रेजिडेंट, साउथ ऐशिया श्री पौरूष सिंह ने कहा– भारत क्यूआर कोड को इंट्रोड्यूस करने के लिए इस साल हमने इंडस्ट्री के साथ साझेदारी की। यह दुनिया का पहला इंटरऑपरेबल एक्सेप्टेंस सॉल्यूशन है और दैनिक भुगतान करने के लिए अब तक का सबसे आसान रास्ता भी। बीआरपीएल और ऐक्सिस बैंक के साथ साझेदारी के माध्यम से, उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल का भुगतान करना काफी आसान और तेज हो जाएगा। मुझे लगता है कि भारत क्यूआर कोड के उपयोग को बढ़ावा देकर डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।